एक नजर में

अंतर्राज्यीय समन्वय सीमा बैठक आयोजित

झाबुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना और पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल की अध्यक्षता में बॉर्डर एरिया नियंत्रण के संबंध में सीमावर्ती जिलों और राज्य से निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन संपन्न कराये जाने हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में असामाजिक तत्वों की आवाजाही, अवैध मदिरा का परिवहन, गैर हिसाबी धन, ड्रग्स, अवैध हथियार आदि पर प्रभावी रोक हेतु सीमावर्ती राज्यों के जिलों से जिला स्तर पर थाना स्तर आदि पर बार्डर मीटिंग किये जाने तथा प्रभावी कार्यवाही की योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किये जाने के संबंध में समन्वय गूगल मीट के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त सीमावर्ती जिलो के बिच समन्वय स्थापित करने के उदेश्य से चर्चा हुई। बैठक में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक दाहोद, बांसवाडा, अलीराजपुर, धार, पुलिस अधीक्षक छोटा उदयपुर, अपर कलेक्टर छोटा उदयपुर, अपर कलेक्टर रतलाम, अपर कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

चरित्र शंका में पत्नी की हत्या

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में चरित्र शंका के चलते एक युवक ने पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी. बताते हैं उसने दो अनजान लोगों को घर से निकलते हुए देखा और पत्नी से पूछताछ की. पत्नी जवाब नहीं दे पाई तो चाकू मार दिया. घटना के बाद खुद ने पुलिस के पास पहुंच गया. उसने चरित्र शंका में हत्या करना कबूला. लसूड़िया पुलिस के अनुसार घटना मंगलवार देर रात लसूड़िया मौरी की है. आरोपित शैलेंद्र पुत्र घनश्याम वर्मा ने पत्नी दीपा वर्मा की चाकू घोंपकर हत्या कर दी. वह भाजपा विधायक के होटल में नौकरी करता है. शैलेंद्र को दीपा पर शक था. इस बात पर अक्सर उनके बीच विवाद होता रहता था। मंगलवार रात शैलेंद्र ने दो अपरिचित लोगों को घर से निकले हुए देख लिया. शैलेंद्र को पुन: दीपा पर शक हुआ और उससे पूछताछ की. इस बात पर दीपा और शैलेंद्र बीच विवाद होने लगा. गुस्से में शैलेंद्र ने घास काटने के चाकू से हमला कर दीपा की हत्या कर दी. भाई धीरज के मुताबिक, घटना करीब रात 1 बजे की है. शैलेंद्र ने करीब 12 बार चाकूओं से हमला किया है. दीपा की चीख सुनकर बेटियां उठ गई. उन्होंने काफी शोर मचाया लेकिन मदद के लिए नहीं था. बाद में धीरज को काल लगाकर पूरी घटना बताई. धीरज घर पहुंचा और दीपा को एमवाय अस्पताल लेकर आया. हालांकि दीपा की अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही मौत हो चुकी थी. पुलिस के मुताबिक शैलेंद्र होटल फाल्गुन में माली का काम करता था. दोनों की शादी को करीब 14 साल हो चुके है. उनकी दो बेटियां है. वह होटल के सर्वेंट क्वार्टर में ही रहता था.

तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक की मौत

इंदौर. एलआईजी चौराहे पर बुधवार शाम तेज रफ्तार कार ने तीन लोगों को टक्कर मार दी. हादसे में घायल तीन में से एक की मौत हो गई. हादसे में अन्य कारें भी आपस में टकरा गई. टक्कर मारने वाली कार के ड्राइवर को हिरासत में लिया है. एमआईजी थाना पुलिस ने बताया कि एलआईजी चौराहे पर सिग्नल ग्रीन होने पर निकल रही एक कार ने बाइक सवार युवक सहित तीन लोगों को उड़ा दिया. हादसे में एजाज पुत्र आसिफ खान निवासी मालवीय नगर जंजीरवाला चौराहे के मेडिकल से रोजा इफ्तारी के लिए जा रहा था, घटना के बाद उसकी मौत हो गई. इसमें एक युवक के सिर में गंभीर चोट आई है. बताया जाता है कि सिग्नल खुलने पर बाइक सवार अचानक रॉन्ग साइड से निकला. तभी कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया. यहां कार में दो अन्य लोगों को भी टक्कर लगने की बात सामने आ रही है. जिनका डीएनएस अस्पताल में उपचार चल रहा है. पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार को जब्त कर लिया है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर मारने वाली कार सांवेर रोड़ स्थित एक अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर की है, जिसे उनका ड्रायवर चला रहा था. उसकी नशे में होने की बात सामने आ रही है. कार ने कई वाहनों को टक्कर मारी है. एजाज उक्त कार से टकराने के बाद पीछे से अन्य कार में जा घुसा. बताया जाता है कि वह कार से कई फीट दूर तक घसीटते चले गया.

मासूम से पड़ोसी ने की गलत हरकत

इंदौर. बाणगंगा क्षेत्र में एक मासूम के साथ पड़ोसी ने गलत हरकत कर दी. बच्ची को रोते देख एक महिला ने उसे घर पहुंचाया. मां के पूछने पर उसने बताया कि अंकल ने गलत काम किया है. परिवार ने डायल 100 पुलिस को मौके पर बुलाया. पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने ले गई. बाणगंगा पुलिस के अनुसार बच्ची के परिजनों ने पड़ोसी विष्णु के खिलाफ शिकायत की है. उस पर रेप और पॉक्सो एक्ट की धारा में केस दर्ज किया गया है. परिवार के लोगों का कहना है कि बच्ची मंगलवार दोपहर घर के पास किराना दुकान पर चॉकलेट लेने गई थी. कुछ देर बाद घर के पास रहने वाली परिचित महिला गोद में लेकर घर पहुंची. तब बच्ची डरी हुई थी वह काफी रो रही थी. बच्ची की दादी अपनी गोद में ली तो लिपटकर रोने लगी. बहला-फुसलाकर प्यार से पूछा तो उसने बताया कि जब वह चॉकलेट लेने गई तो अकंल ने उसे गोद में ले लिए थे. नीचे के कपड़े उतारे और गलत हरकत करने लगे. रोई तो आंटी आ गई. जिसके बाद घर आ गई.

सूरज के तीखे तेवर, 38 .8 डिग्री पहुंचा तापमान

इंदौर. बुधवार को शहर में सूरज के तीखे तेवर ने दोपहर में घर से बाहर निकले लोगों परेशान किया. इस गर्मी के मौसम में पहली बार इंदौर में पारा 38.8 डिग्री पर पहुंचा. इस तरह तीन साल बाद एक बार फिर पारा अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा. बुधवार को दिन में करीब 3.30 बजे दिन का अधिकतम तापमान अपने सर्वोच्च स्तर पर रहा. मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि गुरुवार व शुक्रवार को इंदौर में पारा 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है. ऐसे में गर्मी के असर ओर भी तेज होगा. बुधवार को शहर में अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 38.8 डिग्री दर्ज किया गया. वही दिन के साथ अब रात में गर्मी का असर बढ़ा है. मंगलवार की रात इस सीजन की सबसे गर्म रात रही और न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक 22.8 डिग्री दर्ज किया गया. मौसम विभाग के मुताबिक अब दिन लंबे होने लगे है. इंदौर में आर्द्रता 16 प्रतिशत के आसपास बनी हुई है. वर्तमान में दिन में हवाओं का रुख पूर्वी व दक्षिणी पूर्वी बना हुआ है. वही रात में ही हवाएं उत्तरी पश्चिमी व पश्चिमी बनी हुई है. इस वजह से तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है. इंदौर में 28 व 29 को पारा 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है. 29 मार्च को उत्तर भारत में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा. उसके असर 30 मार्च के आसपास तापमान में गिरावट होगी और शहर में बादल छाने के साथ हल्की बूंदाबांदी के आसार है.

झूठी बात के साथ भ्रम फैलाने में कांग्रेस माहिर

हम जनहितैषी कार्यों के बल पर जीतेंगे : मंत्री चौहान

नवभारत न्यूज

झाबुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए जा रहे जनहितैषी कार्यों के कारण चुनावी दृष्टि से माहौल बहुत अच्छा है लेकिन हमें कांग्रेस द्वारा फैलाए जाने वाले झूठ से जनता को अवगत कराना भी जरूरी है। कांग्रेस विशेष रूप से चुनावों के दौरान झूठी बात फैला कर भ्रम की स्थिति बनाते हुए फायदा लेने में माहिर है। कई बार मतदाता स्वयं यह अनुभव करता है लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। हमें कांग्रेस द्वारा फैलाए जाने वाले ऐसे झूठ, फरेब और भ्रम के संबंध में जनता के बीच जाकर स्थिति स्पष्ट करते हुए सही बात रखना जरूरी है। भाजपा सरकार के जनहितैषी कार्यों के कारण हमारी जीत निश्चित है। उक्त विचार प्रदेश के केबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में व्यक्त किए।

संगठन का कोई भी काम छोटा नहीं होता-मंत्री चौहान ने आगे कहां की जिले के समस्त मंडल अध्यक्षों के समक्ष उन्होंने कहा संगठन का कोई भी काम छोटा नहीं होता। आज संगठन के प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर जो बड़े पदाधिकारी है। वे संगठन का काम करते-करते ही आगे बढ़े हैं। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह स्वयं बताते हैं कि वह पन्ना प्रमुख रहे हैं। लोकसभा चुनाव सभी कार्यकर्ताओं के लिए एक स्वर्णिम अवसर है। हमें अपने कार्य क्षेत्र में नियमित जाना चाहिए, भले ही हमें कम लोग ही क्यों ना मिले लेकिन संपर्क नियमित बनाए रखे। उन्होने आगे कहा कि संगठन में पद लेना आसान हो सकता है लेकिन अच्छा कार्यकर्ता बनकर सौंपे गए कार्य को जिम्मेदारी के साथ निभाना बहुत जरूरी है। संगठन की रचना अनुरूप सारे कार्य केंद्र से प्रदेश और फिर संभाग, जिला, मंडल, शक्ति केंद्र और फिर बूथ स्तर तक लगातार जारी है लेकिन जरूरी है कि हम ऑनलाइन डाटा के रूप में भी किए गए कार्य को दर्शाए।

व्यवस्था अनुरुप ऑनलाइन-आयोजित बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया ने कहा भाजपा संगठन के विभिन्न अभियानों में हम लगातार काम कर रहे हैं लेकिन जरूरी है कि हम अपने किए गए कार्य को व्यवस्था अनुरुप ऑनलाइन रूप से भी संगठन के समक्ष नियमित रूप से प्रस्तुत करते रहें। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अब हमारी सक्रियता लगातार बढ़ती रहेगी, साथ ही हमें अपने किए गए कार्य की रिपोर्ट भी अपने वरिष्ठ को देने के साथ संगठन एप पर लगातार देते रहना जरूरी है। इस महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक में दौलत भावसार, शैलेष दुबे, राजेंद्र उपाध्याय, प्रवीण सुराणा, ओपी राय, अंबरीश भावसार, अंकुर पाठक, मनोहर मोदी सहित जिले के विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठकों में रहती थी बहुत ही कम संख्या

मंत्री चौहान ने कहा कि एक दौर था जब भाजपा की नगरीय बैठकों तक में बहुत ही कम संख्या रहती थी, लेकिन आज स्थिति यह है की ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बैठक स्थल पर समय पूर्व पहुंचकर अपनी सक्रियता दर्शा रहे हैं। मंडल और जिला स्तर के पदाधिकारी जब जमीन पर कार्य करते हुए उतरते हैं, तो उसका एक अलग प्रभाव पड़ता है। आप लोग शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर जाएं और संपर्क को और अधिक बढ़ाएं।

नवरत्न सागरजी के जन्म दिवस पर गौसेवको एवं समाज सेवियों का सम्मान

विद्यालय के छोटे बच्चों ने किया सामूहिक मंत्र जाप

झाबुआ। मानव भूषण, तप सम्राट एवं जन-जन की आस्था के केंद्र जिन शासन के प्रभावक आचार्य श्री नवरत्न सागरजी मसा के 81वें अवतरण दिवस पर फुलमाल स्थित विहार धाम के श्री मधुकर बाल विद्या मंदिर में सामूहिक मंत्र जाप एवं सम्मान समारोह के साथ उत्साह पूर्वक मनाया गया। उक्त जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रबंधक राजेंद्र आर. भंडारी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पपू. आचार्य भगवंत नवरत्न सागरजी मसा. का 81वे अवतरण दिवस के अवसर पर प्रात: 11 बजे बिहार धाम स्थित मधुकर बाल विद्या मंदिर एवं ग्राम के बच्चों द्वारा सामूहिक मंत्र जाप के साथ मनाया। बच्चों ने ओम मंत्र के साथ श्री नवकार महामंत्र एवं ओम् श्री गुरुवे नम: का भी करीब आधे घंटे तक सामूहिक मंत्र जाप कर आचार्य श्री को भावांजलि अर्पित की। जन्म दिवस समारोह में अतिथि के रूप में समाजसेवी एमएल फुलपगारे,, डॉ पुष्पेंद्र नायक, ट्रस्ट के सचिव सुनील संघवी की गरिमय में उपस्थिति में सर्वप्रथम आचार्यश्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्पमाला अर्पित की साथ ही उपस्थित सभी अतिथियों ने गुरु पद की पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

गौसेवको, समाजसेवियों व बच्चों का सम्मान

इस अवसर पर कार्यक्रम को अध्यक्षता कर रहे ट्रस्ट अध्यक्ष यशवंत भंडारी ने कहा कि पू. आचार्य श्रीनवरत्न सागरजी एक महान तपस्वी साधक के साथ जीव दया एवं गौशालाओं को संरक्षण देने में सदा अग्रणीय रहे। आपने अपने संपूर्ण संयम जीवन काल में कई गौशालाओं को प्रारंभ करने की प्रेरणा अपने अनुयायियों को दी। उनकी इसी भावनाओं का सम्मान करते हुए आपके जन्मदिन पर पिछले 12 वर्षो से अधिक समय तक श्री सद्गुरु गौशाला झाबुआ में नि:शुल्क एवं नि:स्वार्थ सेवा देने वाले गौसेवक रामूभाई डामोर करडावद एवं दिलीपभाई डामोर फुलमाल का सम्मान कर उनकी सेवाओ की अनुमोदना की। साथ ही अखिल सेवा समाज दल के नव मनोनीत पदाधिकारी शांति वसुनिया, चेतना चौहान, अंजलि मोहनिया, फतेहलाल वसुनिया का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर अंकुरम इंटर नेशनल स्कूल के छात्र अर्हम अर्पित संघवी व क्लास 2 में 97 .60 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले जीनांश निखिल भंडारी का भी अतिथियों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर इस उपलब्धि पर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। गुरु जयंती के अवसर पर निखिल भंडारी एवं आनंद अर्पित चौधरी की और से उपस्थित सभी बच्चों को लड्डू एवं नमकीन की प्रभावना भी वितरित की गई। इस अवसर पर ग्राम के दिताभ डामोर, कलसिंग डामोर के साथ विद्यालय के पालकगण एवं स्कूल परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे। संचालन जयेंद्र वैरागी ने किया। आभार सुनीता डावर ने माना।

महाराष्ट्र से लाकर इंदौर में सप्लाय करता था गांजा

इंदौर. ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध मादक पदार्थों की गतिविधियों में संलिप्त 2 तस्कर को तेजाजी नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपियो के कब्जे से 5 किलो 150 ग्राम गांजा जब्त किया. आरोपी मोटर साइकिल पर एक बोरी में गांजा रखकर सप्लाई करने के लिये अपने किराये के मकान पर ले जा रहा था. पुलिस की चेकिंग में धरा गया. आरोपी महाराष्ट्र की सीमा से गांजा लाकर, किराये के मकान से इंदौर शहर में युवाओं व आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को गांजा सप्लाई करते थे. घटना मे प्रयुक्त बजाज डिस्कवर मोटर साइकिल तथा दो मोबाइल फोन जब्त किए गए. जानकारी के अनुसार तेजाजी नगर पुलिस को कैलोद करताल फाटा पर वाहन चैकिंग के दौरान एक बजाज डिस्कवर मोटर साइकिल के बीच में एक पीले रंग की बोरी में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर दो संदिग्ध जाते हुए दिखे.

विश्व क्षय दिवस जागरूकता संदेश के साथ मनाया

झाबुआ। पिरामल संस्था झाबुआ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से विश्व क्षय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएस बघेल नें रिबन काट कर सेल्फि पांइट का शुभारंभ किया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों को टीबी की बीमारी के बारे में जागरूक किया एवं इस वर्ष टीबी का थीम हॉ हम टीबी खत्म कर सकते है, के साथ टीबी हारेगा देश जीतेगा के नारे भी लगाये गये व टीबी मुक्त भारत 2025 की शपथ दिलवाई। संस्था द्वारा लगाये गये सेल्फी पांइट पर फोटो खिचवा कर उपस्थित समस्त लोगों को भी सेल्फी पांइट पर सेल्फी खिंचवा कर अपने वाट्स एप ग्रुप व दोस्तों में भेज कर प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया गया। संस्था द्वारा गांधी फेलोज़ के माध्यम से आंगनवाडी व स्कूलों में बच्चों के हाथों में मेंहदी से इस वर्ष का थीम लिख कर टीबी का प्रचार प्रसार किया गया। गांव में ग्रामीणों को टीबी के बारे में छोटी छोटी बैठकों के माध्यम से जानकारी दी व स्कूलों में टीबी विषय पर जागरूकता कार्यक्रम व प्रश्न उत्तर प्रतियोगितायें आयोजित की गई। संचालन जोन मंडोरिया एवं गणेश देपाले ने किया।

आपातकालीन परिस्थिति से निपटने को लेकर की मॉक ड्रिल

इन्दौर. इंदौर पुलिस की टीम अपोलो हॉस्पिटल पहुंची और आपातकालीन परिस्थिति या लावारिस वस्तु के मिलने पर सुरक्षा के मापदंड को लेकर मॉक ड्रिल की गई. शहर की सुरक्षा व्यवस्था तथा शहर में विभिन्न आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में शहर के महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की चैकिंग व निरीक्षण एवं आपातकालीन स्थिति में पुलिस, प्रशासन व संस्थानों की क्या सुरक्षा तैयारियां है इसका भी जायजा लिया जा रहा है. इसी अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त हंसराज सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुरक्षा प्रमोद सोनकर के मार्गदर्शन में इंदौर पुलिस की सुरक्षा शाखा एवं बीडीडीएस टीम द्वारा आज आपोलो हॉस्पिटल में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए बेहतर सुरक्षा संबंधी प्रबंधन किया.

विभागों की स्थापना और कर्मचारी कल्याण से संबंधित बैठक संपन्न

झाबुआ। कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न विभागों की स्थापना और कर्मचारी कल्याण से संबंधित बैठक का आयोजन 28 मार्च को कलेक्टर सभाकक्ष में किया गया।

बैठक में अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरण, तृतीय, चतुर्थ श्रेणी के वर्गवार स्वीकृत, भरे, रिक्त पदों की जानकारी, आरक्षण रोस्टर की स्थिति, लंबित पेंशन प्रकरण, निलंबन संबंधी प्रकरण, निलंबन संबंधी ऐसे प्रकरण जिनमें समयावधि में आरोप पत्रादि जारी नहीं किये गये, क्रमोन्नत वेतनमान, समयमान वेतनमान के संबंध में, विभागीय जांच प्रकरण एवं वेतन निर्धारण अनुमोदन से शेष रहे प्रकरणों संबंधी विषयों की समीक्षा की गई तथा समस्त जिला अधिकारियों से विभागवार जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरण के त्वरित निराकरण, आरक्षण के संधारण, पेंशन प्रकरणों के निराकरण, रिक्त पदों की जानकारी एक सप्ताह में देने तथा विभागीय जांच का जल्द निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान जिपं सीईओं जितेन्द्रसिंह चौहान, अपर कलेक्टर एसएस मुजाल्दा, संयुक्त कलेक्टर सत्यनारायण दर्रो, अति. जिपं सीईओं दिनेश वर्मा, सहायक आयुक्त निशा मेहरा, जिला कोषालय अधिकारी ममता चंगोड, जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया एवं अन्य जिला अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

इंदौर संभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

झाबुआ। आबकारी व कॉमर्शियल टैक्स (जीएसटी) से संबंधित इंदौर संभाग के जिलों की अंतर जिला समन्वय हेतु गूगल मीट वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 28 मार्च को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयुक्त इंदौर दीपकसिंह, आयुक्त पुलिस इंदौर राकेश गुप्ता, आईजी ग्रामीण इंदौर, डीआईजी ग्रामीण इंदौर एवं खरगोन, संभाग के सभी कलेक्टर, सभी पुलिस अधीक्षक, आबकारी और जीएसटी के संभाग, जिला स्तरीय अधिकारी सम्मिलित हुए। उक्त बैठक में कलेक्टर नेहा मीना द्वारा जिले में आबकारी अमले द्वारा की गई कार्यवाही तथा जीएसटी से संबंधित टीमरवानी चेकपोस्ट पर की गई कार्यवाही की जानकारी से अवगत कराया। इसी के साथ पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल ने जिले में पुलिस विभाग द्वारा की गई जानकारी से अवगत कराया गया। बैठक में आला अधिकारियों द्वारा आबकारी व कॉमर्शियल टैक्स कार्यवाही को सुदृढ़ करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एसएस मुजाल्दा, अति. पुलिस अधीक्षक पीएल कुर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यनारायण दर्रो, जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया, वाणिज्यिक कर विभाग से नोडल अधिकारी दिलीप राठौर एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

एक नजर सरकारी कार्यालयों की बत्ती होगी गुल

बिजली विभाग ने बकाया वसूली के लिए दी अंतिम चेतावनी, 58 लाख का बिल बकाया.

झाबुआ। वित्तीय वर्ष समापन की और है, ऐसे में बिजली विभाग इन दिनों आम उपभोक्ताओं के साथ ही सरकारी कार्यालयों पर अपनी बकाया राशि की वसूली में जुटा है, पेटलावद विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने जानकारी देते हो बताएं कि समस्या यह है कि शहर में सरकारी विभागों के कार्यालयों पर करीब 58 लाख से ज्यादा का भुगतान बकाया चल रहा है। कई बार विभागों से पत्राचार किया गया, लेकिन समय पर बिल नही भरने पर अब विभाग सरकारी कार्यालयों की बिजली काट रहा है। जिसमें पेटलावद के बालक उत्कृष्ट छात्रावास, कन्या छात्रावास, कन्या आश्रम छात्रावास सहित नगर के सरकारी शिक्षा विभागों की लाइट विद्युत कंपनी द्वारा कार्ड दी गई। गौरतलब है की मार्च महीने में राजस्व वसूली का दबाव रहता है। बिजली विभाग द्वारा अभियान चलाते हुए बकाया बिल की वसूली की जा रही है, लेकिन इस मामले में शासकीय विभाग ही बिजली विभाग के लिए सबसे बड़ी मुसीबत बन गए हैं। जिन पर लाखो रुपए की राशि बकाया है। बिल जमा कराने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारी ने संबंधित विभाग और संस्था के प्रमुख से कई बार कहा, लेकिन अभी तक भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसको देखते हुए सभी संबंधित विभागों को नोटिस भेजा गया है, यदि समय रहते उनके द्वारा बकाया बिल का भुगतान नहीं किया गया तो उनका कनेक्शन काटा जाएगा।

किश्तवार बिल भुगतान की भी सुविधा-विद्युत विभाग द्वारा अभियान चलाकर सरकारी विभागों के साथ ही कई महीनों से भुगतान नहीं करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं की सूची तैयार की गई है, इनके द्वारा जल्द भुगतान नहीं किया गया तो कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि यदि वे एकमुश्त बिल का भुगतान नही कर पाते हैं तो उनके लिए किश्तवार बिल भुगतान करने की भी व्यवस्था है। वे इसका भी लाभ ले सकते हैं, यदि वे मार्च महीने के अंत तक बकाया बिल का भुगतान नहीं करते हैं तो उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा। इस तरह से विभाग अब सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है। इस सूरत में अगर बिजली विभाग बकाया राशि जमा नहीं होने पर बिजली के कनेक्शन काटने की प्रक्रिया शुरू करता है, तो कई सरकारी विभाग अंधेरे में डूब जाएंगे। देखना यह होगा कि बिजली विभाग आने वाले समय में किस तरह की सख्ती दिखाता है।

किस विभाग पर कितना बकाया

शिक्षा विभाग में स्कूल और छात्रावास पर 17 लाख 42 हजार, ग्राम पंचायत भवन वॉटर वर्क एवं स्टेट लाइट 37 लाख 60 हजार, महिला बाल विकास विभाग जिसमें आंगनवाड़ी पर 3 लाख 55000 हजार, ऊद्यानिकी विभाग 68 हजार बाकी है। इन सभी को मिलाया जाए तो सरकारी विभागों पर कुल 58 लाख रुपए का बिल बकाया है। नगर के छात्रावासों की विद्युत मंडल ने लाइट काटी जिनमें पेटलावद नगर बालक उत्कृष्ट छात्रावास, कन्या छात्रावास, कन्या आश्रम छात्रावास सहित नगर के सरकारी शिक्षा विभागों की लाइट विद्युत मंडल द्वारा कार्ड दी गई है। महिला अधीक्षक रात्रि में अंधेरे में रहने को मजबूर है। साथ ही पेड़, पौधों को पानी नहीं मिल पा रहा है, कारण की विद्युत कनेक्शन कटने से टुल्लू पंप नही चल पा रहे है। गर्मी से यहां सभी परेशान हो रहे है, बावजूद विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी कोई ध्यान नही दे रहे है।